

# अष्टादश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–15 सोमवार, दिनांक–23 फरवरी, 2026 ई०।

**माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक।**

**[1] प्रश्नकाल :–**

i. 10 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
ii. 03 अल्पसूचित प्रश्न अनागत।
iii. 11 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
iv. 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
v. 85 तारांकित प्रश्न अनागत।

**[2] कार्यस्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री रणविजय साहू, श्री संदीप सौरभ, श्री अजय कुमार (138), श्री अभिषेक रंजन एवं श्री अजय कुमार (231) द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी।

आसन की अनुमति प्राप्त कर माननीय सदस्य, श्री रणविजय साहू द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना को पढ़ा गया।

**[3] शून्यकाल :–**

आसन द्वारा माननीय सदस्यों को सूचित किया गया कि आज से शून्यकाल की सूचनायें ऑनलाईन आयी हैं तथा आपने इसे साकारात्मक रूप में लिया है। कुल 83 सूचनायें प्राप्त हुई हैं, जिसमें से पाँच सूचनायें सही रूप में अंकित नहीं होने के कारण इन्हें अमान्य किया गया है।

शून्यकाल की सूचना के अंतर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया:–

(1) श्री राहुल कुमार
(2) श्रीमती बिनिता मेहता
(3) श्री मिथिलेश तिवारी
(4) श्री अमरेन्द्र कुमार
(5) श्री कुंदन कुमार
(6) श्री राम चन्द्र प्रसाद
(7) श्री सुभाष सिंह
(8) श्रीमती अनीता
(9) श्री गुलाम सरवर
(10) श्री मो० सरवर आलम
(11) श्री रंजन कुमार
(12) श्री राधाचरण साह
(13) श्री विमल राजवंशी
(14) श्री राज कुमार राय

(15) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(16) श्री संजय कुमार सिंह
(17) श्रीमती स्नेहलता
(18) श्रीमती निशा सिंह
(19) श्रीमती देवंती यादव
(20) श्री मनोज कुमार
(21) श्रीमती छोटी कुमारी
(22) श्री अरूण सिंह
(23) श्री पप्पु कुमार वर्मा
(24) श्री मोहम्मद मुर्शिद आलम
(25) श्री मांजरीक मृणाल
(26) श्रीमती कविता देवी
(27) श्री बशिष्ठ सिंह
(28) श्री संदीप सौरभ
(29) श्री अजय कुमार (138)
(30) श्री राम सिंह
(31) श्री सियाराम सिंह
(32) श्रीमती सावित्री देवी
(33) श्रीमती संगीता देवी
(34) श्री प्रमोद कुमार सिंह
(35) श्री उदय कुमार सिंह
(36) श्री अमित कुमार
(37) श्री गौतम कृष्ण
(38) श्री प्रकाश चन्द्र
(39) श्री राकेश रंजन
(40) श्रीमती श्वेता गुप्ता
(41) श्री मुरारी मोहन झा
(42) श्रीमती अश्वमेध देवी
(43) श्री बबलू कुमार
(44) श्री रोहित पाण्डेय
(45) श्री रणविजय साहू
(46) श्री बैद्यनाथ प्रसाद
(47) श्री तारकिशोर प्रसाद
(48) श्री रितुराज कुमार
(49) श्री अजय कुमार (231)
(50) श्री सतीश कुमार सिंह यादव
(51) श्री शुभानंद मुकेश

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत शेष शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ माना जाता है तथा इसके लिखित उत्तर के लिए इसे संबंधित विभाग को भेज दिया जाय।

**[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री देवेश कान्त सिंह, श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य पाँच सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित तथा दिनांक 16.02.2026 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री देवेश कान्त सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री, कृषि विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री प्रमोद कुमार, श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह एवं अन्य अठाईस सभासदों का योजना एवं विकास विभाग से संबंधित तथा दिनांक 19.02.2026 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा दिया गया।

माननीय मंत्री के उत्तर के उपरांत सभी माननीय सदस्य एक स्वर में माननीय मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की राशि को बढ़ाने की मांग को लेकर अपने–अपने स्थान पर खड़े हो गए, जिसपर माननीय मंत्री, योजना एवं विकास विभाग द्वारा सांसदों के लिए प्रावधानित राशि में वृद्धि के उपरांत इसपर विचार किये जाने की बात कही गयी।

परन्तु माननीय सदस्यगण अपने–अपने स्थान पर अपनी मांगो को लेकर खड़े रहे, जिसके उपरांत माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा कहा गया कि सरकार सभी माननीय सदस्यों के भावनाओं का सम्मान करती है तथा इसपर विचार करेगी।

तदुपरान्त आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने का अनुरोध किया गया और कहा गया कि सरकार इसपर विचार करेगी।

(iii) माननीय सदस्य, श्री महेश्वर हजारी, श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह एवं अन्य आठ सभासदों का उद्योग विभाग से श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग में स्थानांतरित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री महेश्वर हजारी द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा इसके उत्तर के लिए समय की मांग की गयी।

(iv) माननीय सदस्य, श्री उपेन्द्र प्रसाद, श्री विजय कुमार चौधरी एवं अन्य आठ सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री उपेन्द्र प्रसाद द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा इसके उत्तर के लिए समय की मांग की गयी।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02:00 बजे अपराह्न से 02:45 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[5] वित्तीय कार्य :–**

**राजकीय (वित्तीय) विधेयक – "बिहार विनियोग (संख्या–2) विधेयक, 2026"**

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा "बिहार विनियोग (संख्या–2) विधेयक, 2026" को सदन की अनुमति से पुरःस्थापित किया गया तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

विधेयक पर विचार के स्वीकृति उपरांत खंडशः विचार के क्रम में बारी–बारी से सभी खंड विधेयक के अंग बने।

तदुपरांत माननीय मंत्री द्वारा विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

स्वीकृति के प्रस्ताव पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपना–अपना पक्ष रखाः–

i. श्री कुमार सर्वजीत
ii. श्री नितेश कुमार सिंह
iii. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता
iv. श्री संदीप सौरभ
v. श्री अजय कुमार
vi. श्री सतीश कुमार सिंह यादव
vii. श्री आलोक कुमार सिंह
viii. श्री रोमित कुमार

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा "बिहार विनियोग (संख्या–2) विधेयक, 2026" पर अपना पक्ष रखा गया।

तदुपरान्त **"बिहार विनियोग (संख्या–2) विधेयक, 2026"** सदन से स्वीकृत हुआ।

**[6] निवेदन :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 49 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक–24 फरवरी, 2026 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–23.02.2026

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।